## भारत – इक्वाडोर संबंध

**राजनीतिक संबंध :**

भारत और इक्वाडोर ने 1969 में राजनयिक संबंधों की स्थापना की। बगोटा स्थित भारतीय दूतावास को समवर्ती रूप से एक्वाडोर की भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है। एक्वाडोर ने मार्च, 2005 में नई दिल्ली में अपना दूतावास खोला और 2013 में मुंबई में एक कांसुलेट जनरल खोला।

**द्विपक्षीय यात्राएं :**
**भारत की ओर से :**

1. सचिव (ई ए ए) श्री शशांक ने जनवरी, 2003 में पूर्व राष्ट्रपति लुसियो गुटिरेज के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था।
2. विदेश कार्यालय परामर्श के लिए जून 2005 में सचिव (पश्चिम) द्वारा यात्रा
3. विदेश राज्य मंत्री श्री आनंद शर्मा, जून, 2007
4. विदेश राज्य मंत्री श्री ई. अहमद ने विदेश कार्यालय परामर्श के लिए मई, 2011 में एक्वाडोर का दौरा किया।
5. 1. वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती डी पुरंदेस्वरी ने अप्रैल 2013 में एक्वाडोर का दौरा किया।
6. विदेश राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह ने 26 मई, 2015 को एक्वाडोर का दौरा किया।

**एक्वाडोर की ओर से यात्राएं :**

1. एक्वाडोर के ऊर्जा एवं खान मंत्री श्री एडवार्डो लोपेज जनवरी, 2005 में भारत का दौरा किया तथा वह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित पेट्रो टेक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे।
2. एक्वाडोर के विदेश मंत्री श्री फ्रैंसिस्को कैरियन मेना ने जुलाई, 2006 में दिल्ली का दौरा किया।
3. कृषि उप मंत्री जेवियर सेवालोस ने अप्रैल, 2008 में भारत का दौरा किया।
4. एक्वाडोर के उप विदेश मंत्री ने जुलाई, 2008 में विदेश कार्यालय परामर्श के लिए दौरा किया।
5. इक्वाडोर के विदेश, व्यापार एवं सिंचाई मंत्री ने नवंबर 2008 में भारत का दौरा किया।
6. वाणिज्य मंत्री के निमंत्रण पर दोहा चक्र बैठक के लिए सितंबर, 2009 में विदेश मामले, व्यापार एवं एकीकरण मंत्री, श्रीमती मारिया इसाबेल साल्वाडोर क्रेसपो ने भारत का दौरा किया।
7. विदेश व्यापार एवं सिंचाई उप मंत्री श्री फ्रैंसिस्को रिवाडेनेरियन ने अप्रैल 2012 में भारत का दौरा किया।
8. दिसंबर, 2013 को सी आई आई द्वारा आयोजित भारत - एल ए सी गोष्ठी में भाग लेने के लिए उप राष्ट्रपति जॉर्ज ग्लैस स्पिनेल ने भारत का दौरा किया।
9. उप विदेश मंत्री लियोनार्डो अरिजागा ने विदेश कार्यालय परामर्श के लिए 2014 में भारत का दौरा किया।

**करार जिन पर हस्ताक्षर किए गए हैं :**

**आर्थिक एवं वाणिज्यिक :**

- सरकारी स्वामित्व वाली तेल कंपनियों - ओ एन जी सी विदेश लिमिटेड (ओ वी एल) भारत और पेट्रो एक्वाडोर के बीच एम ओ यू पर 2006 में हस्ताक्षर किया गया।
- भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) और एक्वाडोर के निर्यात एवं निवेश संवर्धन परिषद के बीच एम ओ यू पर 2006 में हस्ताक्षर किया गया।
- भारत और एक्वाडोर के बीच कृषि पर एम ओ यू पर हसताक्षर 2008 में किया गया।
- एक्वाडोर में उत्कृष्ट सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित करने के लिए एम ओ यू पर हस्ताक्षर 2009 में किया गया।
- रक्षा सहयोग के लिए करार पर हस्ताक्षर 2011 में किया गया।
- 2013 में आर्थिक सहयोग पर एम ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया।

**विदेश मंत्रालय :**

- विदेश कार्यालय परामर्श पर एम ओ यू पर हस्ताक्षर 2000 में किया गया।
- राजनयिक अकादमियों के बीच करार पर हस्ताक्षर 2006 में किया गया।
- दोनों देशों के संबंधित राजनयिक मिशनों के अधिकारियों के परिवार के सदस्यों के लिए लाभप्रद रोजगार के लिए करार पर हस्ताक्षर 2006 में किया गया।
- राजनयिक एवं आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए बीजा की आवश्यकता न होने के लिए करार पर हस्ताक्षर 2007 में किया गया।

**संस्कृति एवं शिक्षा :**

- शिक्षा करार पर हस्ताक्षर 2006 में किया गया।
- सांस्कृतिक करार पर हस्ताक्षर 2006 में किया गया।
- सांस्कृतिक विनिमय करार 2009-11

**रक्षा सहयोग :** एक्वाडोर के वाइस चीफ जनरल रोड्रिगो बोहोरक्वेज ने फरवरी, 2007 में एयरो इंडिया में भाग लिया तथा ब्रिगेडियर जनरल राहुल बंडारस डियूनास ने फरवरी 2010 में आयोजित डिफेंस एक्सपो में भाग लिया। एक्वाडोर सरकार ने दिल्ली स्थित अपने दूतावास में एक रक्षा अताशे की नियुक्ति की है। सैंटियागो, चिली स्थित भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे को समवर्ती रूप में एक्वाडोर की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**व्यापार एवं आर्थिक संबंध :** पिछले कुछ वर्षों में एक्वाडोर के साथ द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि हो रही है। 2014 में भारत के व्यापार का मूल्य 660.13 मिलियन अमरीकी डालर था। जनवरी से मई 2015 के लिए द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य 373.13 मिलियन अमरीकी डालर था। इक्वाडोर से निर्यात की मुख्य वस्तुओं में क्रूड ऑयल, वुड (टीक) तथा नारियल शामिल हैं। भारत से जिन वस्तुओं का आयात किया जाता है उनमें मुख्य रूप से खनिज तेल, लोहा एवं इस्पात, वाहन, मशीनरी एवं उपकरण, मोटरसाइकिल, भेषज उत्पाद आदि शामिल हैं। निर्यात संवर्धन परिषदों ने पिछले पांच वर्षों में एक्वाडोर के बाजार में गहरी रूचि प्रदर्शित की है। हाल की अवधि में प्लेक्सकोसिंल, केमेक्सिल और फार्मेक्सिल द्वारा यात्राओं का आयोजन किया गया है। जुलाई 2015 में गुआक्विल चैंबर आफ कामर्स के सहयोग से भारतीय दूतावास द्वारा मेक इन इंडिया पर एक प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

| क्र.सं. | वर्ष | भारत को आयात (मिलियन | भारत द्वारा निर्यात | कुल व्यापार (मिलियन |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अमरीकी डालर में) | (मिलियन अमरीकी डालर में) | अमरीकी डालर में) |
| 1 | 2014 | 317.74 | 347.38 | 660.13 |
| 2 | जनवरी-मार्च 2015 | 62.89 | 310.24 | 373.13 |

**आर्थिक और तकनीकी सहयोग :** इक्वाडोर के नागरिकों के लिए भारत क्षमता निर्माण के अनेक पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। इस साल इक्वाडोर को कुल मिलाकर 30 आई टी ई सी स्लाटों की पेशकश की गई।

सूचना प्रौद्योगिकी में एक उत्कृष्टता केंद्र (आई ए ई एन) स्थापित करने के लिए अगस्त, 2009 में क्यूटो में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। केन्द्र मई 2015 से इबारा, क्विटो में उत्तरी तकनीकी विश्वविद्यालय में काम करना शुरू कर दिया है तथा 700 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण दे चुका है। वहां तीन रेजीडेंट भारतीय प्रोफेसर पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं।

एक्वाडोर के अनुरोध पर भारत ने 2008 में एक्वाडोर के स्वास्थ्य मंत्रालय को 200,000 अमरीकी डालर मूल्य की दवाओं को दान में दिया है। भारत से 800,000 अमरीकी डालर मूल्य की जेनरिक दवाओं के एक और डोनेशन का कार्य अगस्त, 2010 में किया गया।

**संस्कृति एवं भारतीय समुदाय :** भारतीय संस्कृति एवं दर्शन के बारे में एक्वाडोर के लोगों को जानकारी है। 21 जून 2015 को एक्वाडोर में क्विटो, गुयाक्विल और अम्बाटो में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। समारोहों में कुल मिलाकर लगभग 600 लोगों ने भाग लिया। पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से दूतावास ने जुलाई 2015 में गुआक्विल में एक खाद्य महोत्सव का भी आयोजन किया। आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित एक मंडली ने भी गुआक्विल में अपनी कला का प्रदर्शन किया।

एक्वाडोर में भारतीय समुदाय की संख्या बहुत कम है। तकरीबन 350 भारतीय नागरिक एक्वाडोर में रह रहे हैं जिनमें अधिकांश सेवा क्षेत्र तथा छोटे व्यवसायों में काम करते हैं।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, बोगोटा की वेबसाइट :
www.embajadaindia.org
भारतीय दूतावास, बोगोटा फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/EmbajadaIndiaBogota
भारतीय दूतावास, बोगोटा ट्विटर लिंक :
https://twitter.com/IndiaEmbBogota

***

**जनवरी, 2016**